अंचल में आज से निकली जायेगी... पृष्ठ 2 | आईजी डॉ. संजीव शुक्ला से वर्षों बाद... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स





।। जय श्री जलाराम ।।

**श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर**

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559


गुरूवार, 17 अक्टूबर 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 08, पृष्ठ 04, मूल्य 2 रुपए

# छत्तीसगढ़ में धान खरीदी 14 नवंबर से

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में सीएम विष्णुदेव साय के नेतृत्व में कैबिनेट की बैठक खत्म हो गई है। बुधवार की दोपहर बैठक के बाद डिप्टी सीएम अरुण साव ने फैसलों की जानकारी देते हुए कहा कि, प्रदेश में धान खरीदी 14 नवंबर से शुरू होगी और 31 जनवरी तक की जाएगी। वहीं दिवंगत शिक्षकों के परिजनों को अनुकम्पा नियुक्ति दी जाएगी। सहकारी समितियों में कार्यरत डाटा एंट्री ऑपरेटर को 18420 प्रतिमाह मानदेय देने का फैसला लिया गया है। 49 राजनैतिक मामलों को कोर्ट से वापस लेने का फैसला लिया गया है। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए कृषि विभाग द्वारा एकीकृत किसान पोर्टल के माध्यम से किसान पंजीयन की प्रक्रिया जारी है, जो 31 अक्टूबर 2024 तक चलेगी। वर्ष 2024-25 में 160 लाख टन धान के उपार्जन का अनुमान है। समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए बायोमेट्रिक व्यवस्था पूर्व वर्ष की भांति लागू रहेगी। मंत्रिपरिषद में खरीदी केन्द्रों में धान के नियंत्रित एवं व्यवस्थित रूप से उपार्जन हेतु सीमांत एवं लघु कृषकों को अधिकतम दो टोकन तथा दीर्घ कृषकों को अधिकतम तीन टोकन प्रदाय करने का निर्णय लिया गया। सभी खरीदी केन्द्रों में इलेक्ट्रॉनिक तौल यंत्र के माध्यम से धान खरीदी होगी। धान खरीदी के लिए 4.02 लाख गठान नये जूट बारदाना जूट कमिश्नर के माध्यम से क्रय करने की स्वीकृति दी गई है। धान खरीदी के लिए कुल 8 लाख गठान बारदाने की जरूरत होगी। मंत्रिपरिषद की बैठक में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में सहकारी समितियों में कार्यरत डाटा एन्ट्री ऑपरेटरों को 18,420 रुपये प्रतिमाह के मान से कुल 12 माह का मानदेय भुगतान का निर्णय लिया गया। इस पर कुल 60 करोड़ 54 लाख रूपए का व्यय भार आएगा। जिसके भुगतान के लिए पूर्व वर्षों की भांति राशि



## कैबिनेट ने अनुकम्पा नियुक्ति समेत लिए और कई बड़े निर्णय

मार्कफेड को प्रदाय की जाएगी। वहीं विशुद्ध रूप से राजनीतिक आंदोलनों से संबंधित प्रकरणों को जनहित में न्यायालय से वापस लिये जाने के संबंध में गठित मंत्रिपरिषद की उपसमिति द्वारा अनुशंसित 49 प्रकरणों को माननीय न्यायालय से वापस लिए जाने का निर्णय लिया गया है। मंत्रिपरिषद ने छत्तीसगढ़ पुलिस कार्यपालिक (अराजपत्रित) सेवा भर्ती नियम 2021 के नियम 8 (2) में सूबेदार/उप निरीक्षक संवर्ग/प्लाटून कमाण्डर के पद पर नियुक्ति हेतु भर्ती प्रक्रिया वर्ष 2024 में केवल एक बार के लिए अभ्यार्थियों की निर्धारित अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट प्रदान करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। सभी छूटों को मिलाकर अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी। राज्य के सभी ग्राम पंचायतों के प्रत्येक घर में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु छत्तीसगढ़ ग्रामीण पेयजल संचालन एवं संधारण नियम, 2024 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। ग्राम सभा के अनुमोदन से जल प्रभार का निर्धारण के अलावा नये कनेक्शन का निर्णय, वित्तीय प्रबंधन, मरम्मत, पेयजल गुणवत्ता का निर्धारण एवं शिकायतों का निराकरण करेगी। दिवंगत शिक्षक संवर्ग के कर्मचारियों के अनुकम्पा हेतु पात्र आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। इसके तहत ऐसे शिक्षक (पंचायत) संवर्ग के कर्मचारी जिनकी मृत्यु सेवाकाल में हो गई थी और जिनके आश्रित नियमानुसार अनुकम्पा हेतु पात्र है, उन्हें छत्तीसगढ़ शिक्षक संवर्ग नियम 2018 के आधार पर पात्रता अनुसार अनुकम्पा नियुक्ति दी जाएगी। ऐसी स्थिति में स्कूल शिक्षा विभाग से पद पूर्ति के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को पद प्रदाय करने के पूर्व के आदेश को शिथिल करने का निर्णय भी लिया गया है, ताकि दिवंगत के पात्र आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान की जा सके।

**दिवंगत लोकतंत्र सेनानियों का राजकीय सम्मान के साथ होगा अंतिम संस्कार**

लोकनायक जयप्रकाश नारायण (मीसा/डी.आई.आर. राजनैतिक या सामाजिक कारणों से निरूद्ध व्यक्ति) सम्मान निधि नियम, 2008 में संशोधन का अनुमोदन किया गया। जिसके तहत दिवंगत लोकतंत्र सेनानियों का राजकीय सम्मान के साथ अंत्येष्ठि की जाएगी तथा अंत्येष्ठि के लिए उनके परिवार को 25 हजार रूपए की सहायता राशि दी जाएगी।

# राजधानी की बेटियों ने बनाए वर्ल्ड रिकॉर्ड्स

**रायपुर.** राजधानी रायपुर की दो सगी बहनों ने विश्व रिकॉर्ड बनाया है. 6 साल की भव्या और 3 साल की भविशा कोटडिया दोनों ही बहने बहुत अद्भुत है. नन्ही सी भविशा कोटडिया ने 2 मिनट और 21 सेकंड के आश्चर्यजनक समय में 100 देशों की राजधानियों के नाम सुनाकर विश्व रिकार्ड बनाया है. भविशा ने यह इतिहास 26 फरवरी 2024 को रचा, जब वह महज 2 साल, 11 महीने और 10 दिन की थी. उसने 141 सेकेंड में 100 देशों की राजधानियों के नाम बताकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया. वहीं 28 फरवरी को भव्या कोटडिया की उम्र केवल 6 साल, 3 महीने और 5 दिन की थी, जब उसने 1 मिनट और 35 सेकंड के आश्चर्यजनक समय में 50 आविष्कारों और आविष्कारक का नाम सुनाकर वर्ड रिकॉर्ड बनाया. भविशा और भव्या के लिए विश्व रिकॉर्ड तोड़ने का सफर आसान नहीं था. अपने माता-पिता के मार्गदर्शन और घंटों समर्पित अभ्यास के साथ, दोनों बहनों ने अपनी याद रखने के शक्ती (मैमोरी पॉवर) को बढ़ाया और कठिन जानकारियों को आसानी से याद करने की कला में महारथ हासिल की. जानकारी को बनाए रखने और जरूरत पड़ने पर तुरंत उसे पुन: प्राप्त करने की उनकी क्षमता ने भविशा और भव्या को अपने साथियों से अलग बना दिया और उनकी रिकॉर्ड- ब्रेकिंग उपलब्धि का मार्ग प्रशस्त किया. कोटडिया बहनों की रिकॉर्ड ब्रेकिंग उपलब्धि ने उन्हें वर्ल्डवाइड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में एक अच्छी-खासी पहचान दिला दी है.



# छत्तीसगढ़ की बेटी ने रचा इतिहास, हॉकी इंडिया लीग में हुआ गीता का चयन

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ हॉकी की होनहार हॉकी खिलाड़ी गीता यादव का चयन आगामी दिसम्बर माह में आयोजित होने वाली हॉकी इंडिया लीग (।ढ्ढरु) के लिये हुआ है। हॉकी इंडिया द्वारा 7 साल के अंतराल के बाद हॉकी लीग पुन: प्रारंभ की जा रही है और पहली बार महिला वर्ग में भी इसका आयोजन हो रहा है प्रतियोगिता में सूरमा हॉकी क्लब, हरियाणा और पंजाब (जेएसडब्ल्यू) - श्राची रहर बंगाल टाइगर्स, पश्चिम बंगाल (श्राची स्पोर्ट्स) - दिल्ली एसजी पाइपर्स, नई दिल्ली (एसजी स्पोर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट) - ओडिशा वॉरियर्स, राउरकेला (नवोयम स्पोर्ट्स वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड) की टीमों के बीच लीग मैच खेले जाएंगे। गीता यादव कबीरधाम जिले के ग्राम बोड़ला की रहने वाली है सुश्री गीता प्रारंभ से ही राजनांदगांव हॉकी स्टेडियम में हॉकी के गुण सीखी है। तथा 3 वर्ष तक राजनांदगांव में रह कर हॉकी की बारीकियां सीखकर अपनी पहचान बनाई उसके बाद उसका चयन खेलो इंडिया सेंटर बहतराई बिलासपुर के लिए हुआ था वह विगत कई वर्षों से छत्तीसगढ़ हॉकी की ओर से 10वी सब जूनियर बालिका राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता हिसार हरियाण 2020,11वी सब जूनियर राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता सिमडेगा झारखण्ड 2021, 12वी हॉकी इंडिया सब जूनियर राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता इम्फाल मणिपुर 2022, 13वी हॉकी इंडिया जूनियर राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता राऊरकेला ओडिशा 2023,में प्रतिनिधित्व करते आ रही है। गीता के उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के आधार पर जूनियर इंडिया कोर टीम के लिए चयन हुआ था। गीता यादव वर्तमान में जूनियर इंडिया कोर टीम बैंगलोर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। गीता यादव हॉकी इंडिया लीग (।ढ्ढरु)में भाग लेने वाली छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला खिलाड़ी है। दिल्ली पाइपर्स की टीम में गीता यादव के चयन होने पर माननीय श्री विष्णु देव साय मुख्यमंत्री छ. ग. शाशन, श्री डॉ. रमन सिंह विधानसभा अध्यक्ष छ ग. शाशन,श्री टाँकराम वर्मा श्रीमती तनुजा सलामे निर्देशक खेल एवं युवा कल्याण विभाग,पूर्व सांसद श्री मधुसूदन यादव ,श्री अभिषेक सिंह ,महापौर श्रीमती हेमा देशमुख,श्री फ़िरोज़ अंसारी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ हॉकी, श्री मनीष श्रीवास्तव महासचिव छत्तीसगढ़ हॉकी,डी रविशंकर वरिष्ठ उपाध्यक्ष, ए एक्का सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग राजनांदगांव,श्री हरिंदर सिंग,श्री एम वाय कुरेशी, विनीत नावघरे, मंजुला बिस्वास,गोपेस्वर कहरा, राजेश मंडावी,वर्षा शर्मा,रीना बोरकर,आशा थॉमस, नीलम चंद जैन,अमिताभ मानिकपुरी,गजेंद्र



# अधेड़ व्यापारी हुआ लूट का शिकार!

**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** दिनदहाड़े अधेड़ व्यापारी के साथ लूटपाट की घटना से सनसनी फैल गई! घटना के बाद अधेड़ व्यापारी मामले की लिखित शिकायत थाने में की है! पुलिस से प्राप्त समाचार में बताया गया कि प्रार्थी प्रकाशचंद अग्रवाल पिता सीताराम अग्रवाल उम्र 64 वर्ष निवासी बेलगांव 15 अक्टूबर को स्टेट बैंक से दीपावली खर्च के लिए 02 लाख निकालकर अपनी स्कूटी से पैसों को थैला में रखकर अपने चाचा के घर जा रहा था कि इस बीच दो मोटर साइकिल सवार दो अज्ञात युवक श्री अग्रवाल को पीछे से आवाज दिया कि काका आपका पैसा गिर गया है! जिसको देखने के लिए श्री अग्रवाल अपनी स्कूटी को रोककर पीछे मुड़कर पैसा देखने लगा कि इतने में ही अज्ञात युवकों ने स्कुटी में पैसों से भरा थैला लेकर मोटर साइकिल से रफूचक्कर हो गए! यह घटना दोपहर करीब 12.30 बजे की बताई गई है! श्री अग्रवाल की शिकायत पर पुलिस के द्वारा अज्ञात आरिपियों के विरुद्ध 540/24 धारा 303(2) बीएनएस कायम कर आरोपियों की तलाश तेज कर दी गई है! पुलिस के द्वारा घटनास्थल के साथ साथ अन्य स्थानों के भी सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे है! माना जा रहा है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा! दिनदहाड़े घटी इस घटना से सनसनी फैल गई है जिसको लेकर लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है!



# एनबीआईएस , बोरी में तीन दिवसीय कार्निवल का वृहत् शुभारम्भ

**राजनांदगाँव (नांदगांव टाइम्स)।** नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल , बोरी में बच्चों के शारीरिक तथा मानसिक विकास हेतु तीन दिवसीय इकोस ऑफ टैलेंट कार्निवल का शुभारम्भ किया गया । इस कार्निवल के शुभारम्भ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डाक्टर सतीश वासनिक एवं विशेष अतिथि डाक्टर सुजाता वासनिक तथा विशिष्ट अतिथि के रुप में एनबी ग्रुप के डायरेक्टर श्री नीरज बाजपेयी रहे । कार्निवल का प्रारंभ सर्वप्रथम ज्ञान तथा कला की देवी मां सरस्वती की पूजा , सभी सम्माननीय अतिथियों द्वारा की गई ।

तीन दिवसीय आयोजित होने वाले इस कार्निवल में कक्षा नर्सरी से नवमीं एवं ग्यारहवीं तक के बच्चे भाग ले रहे हैं , जिसमें प्रत्येक कक्षा अनुरुप विभिन्न प्रतियोगिताएं संपन्न करायी जायेगी । इन प्रतियोगिताओं में फन एंड फिटनेस चैलेंज , बैटल ऑफ ब्रेन , शब्द सृजन , वर्ड विवर्स , विसिनरी वाइब्स के साथ नृत्य, गीत , अभिनय तथा वाद्य यंत्र वादन प्रतियोगिता रखी गयी है । तीन दिवसीय इस कार्निवल प्रतियोगिता में पहले दिन विभिन्न प्रकार के खेलों के साथ , क्विज कॉम्पटीशन तथा हिन्दी शब्द सृजन प्रतियोगिता रखी गयी है। दूसरे दिन वाद - विवाद प्रतियोगिता के साथ आर्ट ( ड्राइंग एवं क्राफ्ट ) एवं स्पीच प्रतियोगिताएं रखी गयी हैं । तृतीय अंतिम दिवस इस कार्निवल में गायन , वादन , नृत्य तथा अभिनय को जोड़ा गया है । इस तीन दिवसीय इकोस ऑफ टैलेंट कार्निवल का प्रमुख उद्देश्य बच्चों की आंतरिक प्रतिभा को उभारना है ताकि विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चे अपनी प्रस्तुति बिना किसी संकोच के दे सके । एनबीआईएस शाला परिवार बच्चों के सर्वागीण विकास के लिए सदैव प्रयासरत रहा है , जहां बच्चों को न केवल शिक्षा अपितु संस्कार युक्त शिक्षा के साथ सर्वागीण विकास कराया जाता है । इस कर्निवल में शाला की डायरेक्टर श्रीमती सोनल बाजपेयी , सुश्री कुंतल बाजपेयी , प्राचार्या श्रीमती एकता गांधी , एडमिन श्री नितिन चौहान , शिक्षक तथा बच्चे उपस्थित रहें ।



# छत्तीसगढ़ के विकास पुरूष है डॉ. रमन सिंह - मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

**प्रख्यात कवि डॉ. कुमार विश्वास, हास्य कवि पद्मश्री सुरेन्द्र दुबे, गीत एवं गजल गायिका डॉ. सुमन दुबे, वीर रस की कवयित्री कविता तिवारी, हास्य कवि श्री दिनेश बावरा ने अपनी कविताओं से समां बांधा**







**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन के अवसर पर युवा वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा म्युनिसिपल स्कूल प्रांगण में आयोजित विराट कवि सम्मेलन में शिरकत की। मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधियों ने देर रात्रि तक कवि सम्मेलन में कविता पाठ का आनंद लिया। मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष ने सभी कवियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर श्रीमती सीमा गर्ग द्वारा लिखित ''हमारी संस्कृति हमारी धरोहर'' किताब का विमोचन किया गया। इस अवसर पर प्रख्यात कवि डॉ. कुमार विश्वास, हास्य कवि पद्मश्री सुरेन्द्र दुबे, गीत एवं गजल गायिका डॉ. सुमन दुबे, वीर रस की कवयित्री कविता तिवारी, हास्य कवि श्री दिनेश बावरा ने अपनी कविताओं से समां बांध दिया। कविता, गीत, गजल एवं हास्य कविताओं के इस खुशनुमा लम्हों के राजनांदगांव नगरवासी साक्षी बने।मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी और उनके स्वस्थ, सुदीर्घ, खुशहाल एवं मंगलमय जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि आज 15 अक्टूबर का दिन हम सभी के लिए गौरव का क्षण है। डॉ. रमन सिंह छत्तीसगढ़ के विकास पुरूष हैं, उन्होंने 15 वर्षों तक छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के रूप में छत्तीसगढ़ की सेवा की है। उनका जन्मदिन मनाने के लिए राज्य के मंत्री, सांसद, विधायक और दूर-दूर से जनप्रतिनिधिएवं जनसामान्य एकत्र हुआ है। मुख्यमंत्री ने राजनांदगांव की भूमि को प्रणाम करते हुए कहा कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का जन्म कबीरधाम जिले में हुआ था, लेकिन संस्कारधानी राजनांदगांव उनकी कर्मभूमि है। राजनांदगांव की जनता ने उन्हें विधायक, सांसद, केन्द्रीय मंत्री, तीन बार मुख्यमंत्री और वर्तमान में विधानसभा अध्यक्ष बनाया है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण किया, लेकिन उसे संवारने और गढने् का कार्य डॉ. रमन सिंह ने किया और 15 वर्षों में प्रदेश का चहुंमुखी विकास हुआ। वे गरीब एवं जरूरतमंदों के लिए चऊरवाले बाबा के नाम से जाने गए। यही कामना है कि आगे भी उनका मार्गदर्शन मिलता करते रहे। उन्होंने कहा कि यह खुशी की बात है कि आज देश के सुप्रसिद्ध कवियों का कविता पाठ सुनने का अवसर मिलेगा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आज सुबह से रात तक रायपुर से राजनांदगांव तक सभी ने जन्मदिन पर जो स्वागत किया उसके लिए अभिभूत हूं। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव जिले ने उन्हें एक नई पहचान दी है और परिवर्तन की यात्रा राजनांदगांव की धरती से प्रारंभ हुई, जिसके लिए उन्होंने सभी का आधार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव की धरती में जो कोई आता है, उसका विकास होता है।

**मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष ने विराट कवि सम्मेलन में शिरकत की**

# तोतले बच्चों के उपचार शिविर का शुभारंभ आज

## शिविर का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी करेंगे

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** संस्कारधानी नगरी में अग्र बायोडाटा सेंटर, रायपुर एवम श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के तत्वावधान में तोतला बोलने वाले बच्चों के शिविर का शुभारंभ आज 17 अक्तूबर गुरुवार को दोपहर 04:00 बजे श्री सत्यनारायण धर्मशाला में मुख्य चिकित्सा अधिकारी एन आर नवरतन के मुख्य आतिथ्य में होगा, कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी सुशील अग्रवाल द्वारा की जाएगी। ट्यूटर सत्यनारायण जी मित्तल द्वारा उपचार पद्धति के संदर्भ में जानकारी दी जाएगी। श्री सत्यनारायण मंदिर समिति द्वारा यह दूसरा उपचार शिविर आज दिनांक 17 से 20 अक्तूबर तक श्री सत्यनारायण धर्मशाला, कामठी लाइन में आयोजित किया जा रहा है। यह शिविर पूर्णत: नि:शुल्क रहेगा। रायपुर के वरिष्ठ समाजसेवी अग्र बायोडाटा सेंटर के सदस्य श्री सत्यनारायण मित्तल द्वारा अपने 35 वें शिविर के माध्यम से बच्चो की स्पीच थेरेपी के द्वारा आवाज ठीक किया जाएगा। इस शिविर के लिए 30 बच्चों ने पंजीयन कराया है। शिविर उद्घाटन के तुरंत बाद बच्चों की आवाज का परीक्षण किया जाएगा एवं उसी दिन उपचार प्रारंभ हो जाएगा। ज्ञातव्य है कि समिति द्वारा दिसंबर 2022 में भी यह शिविर आयोजित किया गया था, जिसमें 34 बच्चों को 100 प्रतिशत सफलता प्राप्त हुई थी। समिति ने आम नागरिकों एवं पंजीकृत बच्चों के अभिभावकों से अपील की है कि उद्घाटन सत्र में उपस्थित होकर इस उपचार पद्धति की जानकारी प्राप्त करें।

**शिविर में रायपुर के सत्यनारायण मित्तल नि:शुल्क सेवा प्रदान करेंगे**

# अंचल में आज से निकली जायेगी माता देवालय दर्शन यात्रा

## पौराणिक संस्कृति और मान्यताओं से लोगों को रूबरू कराने

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्राचीन और पौराणिक संस्कृति व मान्यताओं को जन जन तक पहुंचाने, लोगों में ग्रामीण क्षेत्र में नाना प्रकार के विराजित देवी देवताओं के प्रति आस्था और श्रद्धा जगाने की दृष्टि से अंचल में माता देवालय दर्शन यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इसकी शुरूआत ब्लॉक मुख्यालय डोंगरगांव से 17 अक्टूबर गुरुवार से होगी। यह यात्रा विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव तक पहुंचेगी और इस दौरान गांव गांव में यात्रा का पड़ाव होगा। लोक मंड़ई के सृजेता, लोक कलाकार तथा क्षेत्रीय विधायक दलेश्वर साहू द्वारा तैयार किये गये कांसेप्ट के अनुसार पूरे प्रदेश में पहली बार अपने तरह के इस अनूठे दर्शन यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इसके माध्यम से लोगों को ग्राम्य क्षेत्र में सरहद से लेकर गांव के विभिन्न स्थानों में विराजित देवी देवताओं की जानकारी से रूबरू कराया जायेगा। एक प्रेस वार्ता में माता देवालय दर्शन यात्रा के संयोजक तथा संरक्षक दलेश्वर साहू ने बताया कि यात्रा का उद्देश्य नई युवा पीढ़ी को हमारे माता देवालय व ग्रामीण देवी देवताओं से संबंधित मान्यताओं और वैज्ञानिक कारणों से अवगत कराना है। उन्होनें बताया कि हम देखते है कि गांव में विभिन्न स्थानों पर नाना प्रकार की मूर्तियां व पत्थर लगे रहते हैं, जिन्हें देवी देवता मानकर हम नमन और वंदन करते हैं। यह परंपरा सदियों से चली आ रही है, लेकिन आज की पीढ़ी को यह नहीं मालूम होता है कि वे कौन से देवी देवता हैं। गांव के बुजुर्ग या सियान लोगों से इस संबंध में जानकारी लेने पर कई इस संबंध में बताने में असमर्थ होते हैं। जबकि, सभी देवी देवताओं का अपना अलग महत्व होता है। उन्होनें बताया कि शहरी या नगरीय क्षेत्रों को छोड़ दिया जाये तो ग्रामीण क्षेत्रों में इन देवी देवताओं की भरपूर मान्यता है और महिने में दो तीन दिन इस प्रकार के त्यौहार मनाये जाते हैं, जिसमें ग्रामीणों को अन्यत्र आना जाना वर्जित किये जाने के अलावा दैनिक चर्या पर भी रोक और पाबंदी रहती है। इसका पालन नहीं करने वालों से गांव के प्रमुख लोग दण्ड भी वसूल करते हैं। यह कई सालों से चला आ रहा है, लेकिन इसका वैज्ञानिक कारण न तो किसी को मालूम है और न ही किसी ने इसे जानने का प्रयास किया। इन्हीं सब बातों को लेकर उनके मन में इस तरह की यात्रा निकालने का विचार आया और वे पिछले एक साल से इस यात्रा के आयोजन पर काम कर रहे हैं। विधायक श्री साहू ने बताया कि यात्रा के माध्यम से अंचल के जीर्ण शीर्ण देवालयों के जीर्णोद्धार की एक अलग प्रकार की मुहिम वह शुरू करने वाले हैं। शासन स्तर पर ऐसी अनेक योजनाएं हैं, जिनके माध्यम से मंदिरों व देवालयों का पुनर्निर्माण व उद्धार किया जा सकता है। उन्होनें यह भी बताया कि माता देवालय दर्शन यात्रा के संबंध में वरिष्ठ साहित्यकारों के सहयोग से एक पत्रिका का प्रकाशन भी किया जा रहा है, जिसमें अंचल में विराजित विभिन्न देवी देवताओं की सचित्र जानकारी होगी।




**डोंगरगांव से 17 अक्टूबर गुरुवार को शुरू होगी यात्रा**

माता देवालय दर्शन यात्रा का शुभारंभ 17 अक्टूबर गुरुवार को ब्लॉक मुख्यालय डोंगरगांव से होगा। नगर के कॉलेज रोड स्थित शीतला मंदिर में विधि विधानपूर्वक पूजन के बाद यात्रा नगर के फौव्वारा चौक, चंडी मंदिर, मेन रोड, थाना रोड होते हुए किल्लापारा स्थित शीतला मंदिर पहुंचेगी। उसके बाद यह यात्रा बरगांव, गुंगेरी नवागांव, जामसरार होते हुए मनेरी पहुंचेगी, जहां पर पहले दिन की यात्रा का समापन होगा।

**यात्रा के साथ चलेगी माता देवाला सहित अन्य की झांकी**

दर्शन यात्रा के साथ माता देवाला सहित अन्य देवी देवताओं की चलित झांकिया चलेंगी। मुख्य वाहन में माता शीतला की प्रतिमा के साथ बैरग आदि रहेंगे। जबकि दूसरे वाहन में साहड़ा देव, बघारन पाठ, भैंसासुर, कंकालिन माता सहित अन्य देवी देवताओं की प्रतिकृति रहेगी। यात्रा के साथ भजन व गीत संगीत की टोली भी निरंतर चलायमान रहेगी। जानकारी के अनुसार यात्रा के साथ प्रसिद्ध कुंवारी माता तथा सोनेसरार की डामेश्वरी माता भी एक रथ पर सवार रहेंगी। वहीं प्रसिद्ध भजन सम्राट पं. विवेक शर्मा यात्रा के विभिन्न पड़ावों में सुमधुर भजन प्रस्तुत करेंगे। प्रेस वार्ता के दौरान विधायक दलेश्वर साहू के अलावा किसान नेता गुलाव वर्मा तथा विधायक प्रतिनिधि रवि शुक्ला उपस्थित थे।

## डां. दिग्विजय साहू द्वारा गणपति पंडाल में सामूहिक दीप यज्ञ संपन्न

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम मासुलकसा में बुंदेश्वरी साहू एवं डां. दिग्विजय साहू द्वारा गणपति पंडाल में सामूहिक दीप यज्ञ संपन्न कराया गया। दीप यज्ञके माध्यम से गायत्री परिवार के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सार्थक प्रयास कर रहे है इस वनांचल क्षेत्र को जगाने के लिए समय-समय पर प्रज्ञा पुराण कथा एवं पांच कुंडीय गायत्री यज्ञ आयोजन करवाते रहते हैं अभी लगातार समूह साधना ,दीप यज्ञ एवं बलिवैश्य यज्ञ से जन जन को जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं।



## एग्जाम फार्म के तिथि में वृद्धि को लेकर अभाविप ने सोपा ज्ञापन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय महंत राजा दिग्विजय दास महाविद्यालय राजनांदगांव में परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तिथि 16/10/2024 है जो आज समाप्त हो गई है और कई विद्यार्थी ऐसे है जो परीक्षा फार्म नही भर पाए है अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नगर मंत्री अक्षत श्रीवास्तव ने प्राचार्य को ज्ञापन सौंपते हुए यह मांग की है कि परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि को जल्द से जल्द आगे बढ़ाया जाए जिसमें अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के मुख्य दायित्वान कार्यकर्ता नगर सहमंत्री निकिता श्रीरंगे , प्रतीक गढ़वाल, भूपेंद्रपाल अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## पंडित सुन्दर लाल शर्मा विवि मे प्रवेश 31 तक बढ़ा

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** प सुंदर लाल शर्मा (मुक्त) विश्व विद्यालय बिलासपुर के अन्तर्गत शा दिग्विजय महाविद्यालय मे संचालित पाठ्यक्रमो मे प्रवेश अन्तिम तिथि 31अक्टूबर तक बढ़ा दिया गया है। साथ मे बीएससी बायो मे भी प्रवेश प्रारम्भ हो गया है। बीए,बीएससी,बी कॉम,बीबीए,एम ए (अन्ग्रेजी,संस्कृत,समाज शास्त्र,राजनीति विज्ञान,शिक्षा,व छत्तीसगढि) एमएससी (गणित,कंप्यूटर साईस) डिप्लोमा मे पीजिडीसिए,योगसाईस,डीसीए, बिलीब मे प्रवेश 31 अक्टूबर तक है।प्रवेश ओनलाईन व शुल्क भी ऑनलाइन जमा करना है। प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर ने बताया कि जिन छात्रो का प्रवेश किसी कारण वश हेमचंद विश्व विद्यालय मे नही हो पाया है,अपनी पढाई मुक्त विश्व विद्यालय से निरंतर जारी कर सकता है। अध्ययन केन्द्र प्रभारी श्री अरुण कुमार वैष्णव ने बताया कि दूरस्थ शिक्षा प्रणाली होने के कारण नौकरी या व्यवसायरत को इन पाठ्यक्रमो मे अपनी सुविधा के अनुसार समय मे पढाई करने का अवसर मिलता है।विवि से पाठ्य सामग्री डाक द्वारा घर पहुचाई जाती हैं। इस शासकीय मुक्त विश्व विद्यालय मे कम

## कलेक्टर ने ली कानून व्यवस्था के संबंध में प्रशासन और पुलिस अधिकारियों की बैठक

**मोहला ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर श्री एस जयवर्धन ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों की बैठक लेकर कानून व्यवस्था के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। दीपावली पर्व को ध्यान में रखकर सभी समाज एवं सभी वर्गों को शांतिपूर्व त्यौहार व उत्सव मनाने के लिए सभी शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील किया गया है। सभी थाना प्रभारियों को शांति समिति की बैठक लेकर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने कहा गया है। कलेक्टर ने बैठक में अधिकारियों से कहा कि कोई भी संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखें ।अपराधी गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई करें। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देशित करते हुए कहा कि अपराधिक एवं गतिविधियों को किसी भी प्रकार का संरक्षण ना देवें। बैठक में कहा गया कि मेडिकल स्टोर्स में संयुक्त दल का गठन कर संदिग्ध दवाइयां के विक्रय पर कार्रवाई करें। नर्सिंग होम एक्ट के तहत अवैध रूप से क्लिनिक संचालन होने पर संबंधित चिकित्सक के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करें। महाराष्ट्र सीमावर्ती जिले के सीमा क्षेत्र में सघन जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। इस क्षेत्र में अवैध गतिविधियों के संचालन होने, नशीली दवाइयां एवं शराब के परिवहन होने पर कड़ी कार्रवाई करने की निर्देश दिए गए हैं।



## हाथ में झाड़ू लिए पार्षद राजेश गुप्ता चंपू स्वच्छता ही सेवा संकल्प टीम के साथ जमातपारा और भरकापारा में चलाया सफाई अभियान

### पार्षद चंपू की स्वच्छता ही सेवा संकल्प की टीम को लोगों से मिल रहा अच्छा प्रतिसाद



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** स्वच्छ भारत अभियान में तहत इन दिनों इंदिरा नगर वार्ड नंबर41के जागरूक पार्षद राजेश गुप्ता चंपू शहर के विभिन्न वार्डो में पहुंचकर प्रतिदिन सुबह तीन घंटे और शाम को तीन घंटा स्वच्छता ही सेवा का संकल्प लिए सफाई अभियान चला रहें हैं आज इसी क्रम दिनांक 14 /10/2024 दिन सोमवार, लोगों को जागरूक करते हुए भरकापारा के इंदिरा सरोवर, पुराना बस स्टैंड, काली माता मंदिर सहित जमातपारा क्षेत्र के दिग्विजय कालेज समीप दुर्गा मंदिर एवं माता देवालय शीतला माता मंदिर के के आसपास स्वच्छताअभियान चलाया और आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि जीवन में स्वच्छता का अत्यंत ही महत्व है ,आप नगर निगम के सफाई कर्मचारी के भरोसे ना रहें अपने आसपास स्वयं सफाई व्यवस्था बनाए रखने में एक कड़ी हो सकतें हैं।



## मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष ने नवा बिहान साईबर जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने म्युनिसिपल स्कूल प्रांगण में नवा बिहान साईबर जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नवा बिहान साईबर जागरूकता रथ के माध्यम से नागरिकों को साइबर अपराधों से बचाव के उपायों के संबंध में जानकारी दी जा रही है। इस अवसर पर संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर, आईजी श्री दीपक झा, कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी व बड़ी संख्या में जनसामान्य उपस्थित थे।पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने बताया कि 4 अक्टूबर से 19 अक्टूबर 2024 तक साइबर जागरूकता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत गांव-गांव हाट बाजार में साइबर अपराध की रोकथाम के लिए जागरूक किया जा रहा है। रिंगटोन के माध्यम से शासकीय नंबरों के माध्यम से लोगों को सचेत किया जा रहा है एवं ओटीपी शेयर नहीं करने, सोशल मीडिया पर अनजान लोगों की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार नहीं करने कहा जा रहा है। अभी तक 1 लाख लोगों को इस मुहिम में जोड़ा गया है। नवा बिहान साईबर जागरूकता रथ के माध्यम से सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के बारे में बताया जा रहा है। साथ ही सोशल मीडिया पर निजी जानकारी साझा नहीं करने, प्राइवेसी सेटिंग को सुरक्षित रखने, अनजान लोगों की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार नहीं करने और किसी भी संदिग्ध ऑफर से बचने कहा जा रहा है। साइबर अपराध का शिकार होने पर तुरंत पुलिस एवं हेल्पलाईन नंबर 1930 पर संपर्क करने कहा जा रहा है।



## बांधाबाजार में कौशल पखवाड़ा का आयोजन 59 युवाओं ने लिया भाग



**मोहला ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला कौशल विकास प्राधिकरण जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के सभी विकासखंड में राज्य शासन के निर्देशानुसार 14 से 45 वर्ष के युवाओं को उनके रूचि के अनुसार नि:शुल्क कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए 14 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत आज विकास खंड अंबागढ़ चौकी के ग्राम पंचायत बांधाबाजार में कौशल पखवाड़ा का आयोजन किया गया। जिसमे विभिन्न प्रकार के कोर्स शामिल है जैसे की डोमेस्टिक डाटा ऐंट्री ऑपरेटर कंप्यूटर, टेलर सिलाई, मेसन जनरल, वर्मी कंपोस्ट, गार्डनर, इलेक्ट्रिशियन, वेल्डिंग, फील्ड टेक्निशियन, मशरूम ग्रोवर, सुर्यमित्र सोलर टेलीकॉम टेक्नीशियन, जल वितरण संचालन इत्यादि विषयों के सम्बन्ध में युवाओं को सम्बंधित विभागों द्वारा जानकारी एवं काउंसलिंग किया गया। कौशल पखवाड़ा में क्षेत्र के 59 युवाओं ने भाग लिया। कौशल पखवाड़ा में डिप्टी कलेक्टर श्री अविनाश ठाकुर, नायब तहसीलदार श्री दिनेश साहु, सीईओ जनपद अं.चौकी श्रीमती प्रियंवदा रामटेके सहित जनपद पंचायत, उद्यानिकी,

## कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगर पालिका के आम व उप निर्वाचन हेतु निर्वाचन नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में प्रेस वार्ता ली

### निर्वाचन नामावली के अंतिम प्रकाशन त्रिस्तरीय पंचायत अंतर्गत 22 नवम्बर एवं नगर पालिका 29 नवम्बर को निर्धारित स्थलों पर

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगर पालिका के आम व उप निर्वाचन हेतु निर्वाचन नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में प्रेस वार्ता ली। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, डिप्टी कलेक्टर सुश्री हितेश्वरी बाधे एवं पत्रकारगण उपस्थित थे। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने बताया कि नगरीय निकाय हेतु प्रारंभिक प्रकाशन 16 अक्टूबर 2024 को किया गया। जिसका प्रकाशन नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ अंतर्गत कार्यालय रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, कार्यालय सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, कार्यालय मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं संबंधित वार्डों में, नगर पंचायत डोंगरगांव अंतर्गत कार्यालय रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, कार्यालय सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, कार्यालय मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं संबंधित वार्डों में, नगर पंचायत छुरिया अंतर्गत कार्यालय रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, कार्यालय सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, कार्यालय मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी व हिन्दी माध्यम विद्यालय छुरिया तथा नगर पंचायत लालबहादुर नगर अंतर्गत कार्यालय रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, कार्यालय सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, कार्यालय मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं महिला भवन लालबहादुर नगर में किया गया। प्रकाशित निर्वाचन नामावली पुनरीक्षण के संबंध में दावा-आपत्ति 23 अक्टूबर 2024 तक सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक एवं अंतिम दिवस सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्राप्त की जाएगी। दावा आपत्ति नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ में नगर पालिका परिषद एवं समस्त 24 वार्डों में, नगर पंचायत डोंगरगांव अंतर्गत कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, कार्यालय तहसीलदार, कार्यालय मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं सभी 15 वार्डों में, नगर पंचायत छुरिया अंतर्गत स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी व हिन्दी माध्यम विद्यालय छुरिया तथा नगर पंचायत लालबहादुर नगर अंतर्गत महिला भवन लाल बहादुर नगर में प्रस्तुत कर सकते है। प्रारूप क-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व सहायत रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 4 नवम्बर 2024 है। प्राप्त दावा एवं आपत्तियों का निराकरण 29 अक्टूबर 2024 तक किया जाएगा। प्रारूप क-1 में प्राप्त दावा का निराकरण करने की अंतिम तिथि 8 नवम्बर 2024 है। दावा व आपत्तियों के निराकरण के आदेश के विरूद्ध अपील करने की अंतिम तिथि निराकरण आदेश पारित होने के 5 दिवस के भीतर होगी। निर्वाचन नामावली के अंतिम प्रकाशन 22 नवम्बर 2024 को निर्धारित स्थलों पर किया जाएगा। इसी तरह त्रिस्तरीय पंचायत हेतु प्रारंभिक प्रकाशन 24 अक्टूबर 2024 को किया जाएगा। जिसका प्रकाशन जनपद पंचायत राजनांदगांव कार्यालय रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, कार्यालय सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, कार्यालय जनपद पंचायत एवं संबंधित ग्राम पंचायतों में, जनपद पंचायत डोंगरगांव अंतर्गत कार्यालय रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, कार्यालय सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, कार्यालय जनपद पंचायत एवं संबंधित ग्राम पंचायतों में, जनपद पंचायत छुरिया अंतर्गत कार्यालय रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, कार्यालय सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, कार्यालय जनपद पंचायत एवं संबंधित ग्राम पंचायतों में तथा जनपद पंचायत डोंगरगढ़ अंतर्गत कार्यालय रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, कार्यालय सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, कार्यालय जनपद पंचायत एवं संबंधित ग्राम पंचायतों में किया जाएगा। प्रकाशित निर्वाचन नामावली पुनरीक्षण के संबंध में दावा-आपत्ति 29 अक्टूबर 2024 तक सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक एवं अंतिम दिवस सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक सभी ग्राम पंचायतों में प्राप्त की जाएगी। प्रारूप क-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व सहायत रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 8 नवम्बर 2024 है। प्राप्त दावा एवं आपत्तियों का निराकरण 4 नवम्बर 2024 तक किया जाएगा। प्रारूप क-1 में प्राप्त दावा का निराकरण करने की अंतिम तिथि 14 नवम्बर 2024 है। दावा व आपत्तियों के निराकरण के आदेश के विरूद्ध अपील करने की अंतिम तिथि निराकरण आदेश पारित होने के 5 दिवस के भीतर होगी। निर्वाचन नामावली के अंतिम प्रकाशन 29 नवम्बर 2024 को निर्धारित स्थलों पर किया जाएगा। कलेक्टर ने बताया कि जाबो कार्यक्रम के तहत नगरीय निकाय में लाउडस्पीकर के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है एवं ग्राम पंचायतों में ग्राम कोटवारों के माध्यम से मुनादी कराई जा रही है। कोई भी व्यक्ति निर्वाचन नामावली में नाम दर्ज करा सकता है, लेकिन 1 जनवरी 2024 की स्थिति में 18 वर्ष से कम आयु का नहीं हो। ग्राम पंचायत व नगर पालिका वार्ड का सामान्य तौर पर निवासी हो।



## प्रदेश में कानून व्यवस्था तार-तार : चुम्मन साहू

**छुरिया ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला कांग्रेस महामंत्री चुम्मन साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश का जिला बलौदाबाजार, कवर्धा के बाद सूरजपुर जिला जल रहा है और प्रदेश के फेलवर गृहमंत्री विजय शर्मा कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरूस्त करने के बजाय उलजुलूल बयानबाजी कर अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ रहे हैं। जिला कांग्रेस महामंत्री चुम्मन साहू ने सूरजपुर में प्रधान आरक्षक की पत्नी और बेटी की हत्या के मामले में तल्ख शब्दों में बयान जारी करते हुए कहा कि आरोपी कोई भी हो और किसी से भी वास्ता रखता हो उस पर कठोर कार्यवाही करने से गृहमंत्री को किसने रोका है। हद तो तब हो गई जब इसी हत्यारे ने एक दिन पहले आरक्षक पर गर्म तेल उडेला था, उसके बाद भी पुलिस प्रशासन ने सतर्कता क्यों नहीं बरती। इससे पहले भी बलौदाबाजार में कलेक्ट्रेट को आगजनी के हवाले किया गया और कवर्धा के लोहारीडीह में भी इसी तरह की घटना घटित हुई। पूरे मामले में कानून व्यवस्था को नियंत्रित करने के बजाय प्रदेश के फेलवर गृहमंत्री केवल बयानबाजी करते रहे और अधिकारियों को बलि का बकरा बनाया गया जबकि इसकी पूरी जिम्मेदारी सबसे पहले गृहमंत्री पर बनती है जिन्हें प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आखिर इतनी खुली छूट क्यों दे रखी है, चिंता का विषय है। जिला कांग्रेस महामंत्री चुम्मन साहू ने कहा कि शांति का यह प्रदेश में घट रही घटनाओं को भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री और उनके गृहमंत्री को कड़ी कार्यवाही करना चाहिए जबकि ये नेता केवल उलजुलूल बयानबाजी कर घटना पर पर्दा डालने का प्रयास कर रहे हैं। चुम्मन साहू ने साफतौर पर कहा है कि अपराध और अपराधी किसी के नहीं होते उन पर कड़ी कार्यवाही किए जाने की सभी राजनैतिक दल और जनप्रतिनिधि खुली वकालत करते है।



**शुभांक**

**1-3-0**

**350-8 138-2**

**भाग्यांक**

**158-4 690-5**

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं जिला विवाह अधिकारी, राजनांदगांव (छ.ग.)**

**धारा 6 (2) देखिये**

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है. कि आवेदक शुभम लहरे आ. गोवर्धन लहरे उम्र 24 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 15 न्यू सिविल लाईन थाना सिटी कोतवाली राजनांदगांव तहसील व जिला-राजनांदगांव (छ0ग0) एवं आवेदिका नंदिनी साहु आ. श्री पवन कुमार साहू उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम गिधवा पोस्ट-गिधवा तहसील-डौण्डीलोहारा थाना-पिनकापार जिला-बालोद (छ0ग0) (पक्षकारों के नाम) से विशेष विवाह अधिनियम 1954 (क्रमांक 4 सन 1954) के अध्याय दो के अधीन अपने विवाह के आवेदन पत्र पेश किया गया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबध में पेशी तारीख 13/12/2024 के पूर्व अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं।

जारी दिनांक :-14/10/2024

पेशी तारीख : 13/12/2024

सील

अपर कलेक्टर एवं जिला विवाह अधिकारी राजनांदगाँव (छ.ग.)

nandgaon times oct-17-4.qxd 10/17/2024 12:01 AM Page 3



## ज्ञान मंथन

*1) बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास शांति प्रयास द्वक्ङ कहाँ आयोजित किया गया हैं?*
*2) नए संसद भवन को बनने में लगभग कितने रुपए खर्च आया है?*
*3) जनवरी 2024 में मोह-जुज भैंस लड़ाई की किस राज्य में वापसी हुई?*
*4) दो बार कार्यवाहक प्रधानमंत्री के रूप में किसने कार्य किया?*
*5) किसने दुबई में एक कॉन्सर्ट में 100 से अधिक भाषाओं में गाना गाकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) काठमांडू (2) 1200 करोड़ रूपये (3) असम (4) गुलजारीलाल नंदा (5) सुचेता सतीश



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जनपद व जिला पंचायत राजनांदगांव के समीपश्त ग्राम तोरनकट्टा से रवेली पहुंच मार्ग अत्यंत जर्ज़र हो चुका है. रोड मे बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके है. गड्ढों के कारण राहगीरों का चलना दुभर हो गया है. प्रशासन भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है.

# आईजी डॉ. संजीव शुक्ला से वर्षों बाद हुई सौजन्य भेंट-मुलाकात

अरविन्द तिवारी

**बिलासपुर ( नांदगांव टाइम्स )।** मित्रता नाम है सुख-दु:ख के अफ़साने का , ये राज है एक-दूसरे से मिलकर मुस्कुराने का। ये एक-दो पल की रिश्तेदारी नहीं , बल्कि फर्ज़ है जिंदगी भर साथ निभाने का।। शरद ऋतु की आहट , सायंकाल का समय , सुहानी हवा और पर्यटन के बहाने मित्रों को अपने एक प्रिय मित्र डॉ0 संजीव शुक्ला का साथ - धरती पर इससे अच्छा मौका हो ही नहीं सकता। मित्र मिले तब हर मौसम सुहाना बना देता है। कहा तो यहां तक जाता हैं कि जो जादू बड़े से बड़े जादूगरों नहीं होता वह अक्सर वर्षों के बाद मिलने वाले मित्रता से हो जाता है। छत्तीसगढ़ के न्यायधानी बिलासपुर प्रवास के दौरान लगभग बीस - पच्चीस वर्षों बाद शरद पूर्णिमा की पूर्व संध्या पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय पहुंचकर मीडिया साथी एवं मित्र मण्डली ने बिलासपुर रेंज आईजी डा0 संजीव शुक्ला से सौजन्य भेंट - मुलाक़ात की। इस संसार में जीवन-काल के दौरान कई मित्र बनते हैं और कई मित्र बिछड़ जाते हैं , लेकिन कुछ एक मित्र ऐसे भी होते हैं जिनसे वर्षों के बाद मिलने पर वही स्नेह , वही प्रेम , वही आत्मीयता और अपनत्व बना रहता हैं - ऐसे मित्र किस्मत से ही मिलते हैं। डॉ राजेश शुक्ला , डॉ राजेन्द्र शुक्ला , डॉ सुनील श्रीवास्तव , डॉ खगेंद्र सोनी , डॉ रामगोपाल गुप्ता , डॉ रमेश राठौर , उमेश अग्रवाल , डॉ अंगेश सोनी , विनोद अग्रवाल और डॉ संजीव कुमार शुक्ला सब विद्यार्थी सीएमडी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर में एम0 काम के बाद एमफिल वाणिज्य विषय में गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय बिलासपुर में साथ-साथ अध्ययन किये और फ़िर अपने-अपने कार्य क्षेत्र में संलग्न हो गये। साहित्यकार शशिभूषण



सोनी ने संस्मरण सुनाते हुये कहा कि हम-सब मित्रों ने विभिन्न महाविद्यालयों में वाणिज्य विषय में अध्यापन का रास्ता चुना और इसी पद पर कार्यरत हैं। एक कवि ने ठीक ही कहा हैं कि आपके जीवन में कुछ ऐसे भी मित्र होने चाहिये जो जिंदगी के मोड़ पर आपके साथ खड़े होने चाहिये। आपके जीवन में कुछ ऐसे दोस्त तो होने हीन चाहिये। यघपि अनेक कारणों की वज़ह से कई मित्र दूर हो जाते हैं मगर जिनसे गहरी मित्रता रहती हैं वह कभी-भी दिल से अलग नहीं होते है। विश्वविद्यालय बिलासपुर में अध्ययन के दौरान ही संजीव शुक्ला का चयन लोक सेवा आयोग द्वारा पुलिस अधीक्षक के पद पर नियुक्ति हुआ। इसके बाद वे सीएसपी थाना दर्री-कोरबा में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पद पर कार्यरत रहते हुये पुलिस अधीक्षक बने और आज़ अपनी प्रतिभा के बदौलत महानिदेशक बिलासपुर के पद पर कार्यरत हैं। आईजी महोदय ने रेसलर प्रतीक तिवारी से उनके रेसलिंग के संबंध में जानकारी ली , जिसमें रेसलर ने बताया कि आपके आशीर्वाद से अनेकों मौत के मुकाबला में विजेता बनने का अवसर मिला। छत्तीसगढ़ मे रायपुर में गत वर्ष भारत बनाम नेपाल के मुकाबले में भी उन्हें विजय हासिल हुआ है। मित्रों से चर्चा की कड़ी में शशिभूषण सोनी ने भी अपने कालेज के समय की बातों को याद करते हुये पत्रकारिता कार्य की जानकारी दी। इस संबंध में अरविन्द तिवारी ने बताया कि अच्छे मित्रों की संगत से जीवन को सही दिशा मिलती है। वास्तव में सच्चे और अच्छे मित्र उस चमकते हीरे की तरह हैं , जिसकी चमक कभी-भी खत्म नहीं होती। दरअसल मित्र उसी को कहते हैं जो चाहे कितने भी ऊंचे पद पर कार्यरत हो आने पर मिलने के लिये तैयार रहते हैं , हाल-चाल पूछते हैं और सही दिशा में मार्गदर्शन देते हैं। आईजी शुक्ला से मुलाकात कर बीस पच्चीस वर्ष पुरानी चर्चा करके उन दिनों की यादें भी ताजा हो गई , जब वे दर्री (कोरबा) में सीएसपी थे। उन्हें आज दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला के समापन समारोह में जाना था , इसके बावजूद भी अपने व्यस्ततम समय को निकालकर हमें आधा घंटा समय दिये - यही हमारे लिये महत्वपूर्ण बात रही। आईजी महोदय से पत्रकारिता से संबंधित सलाह , मार्गदर्शन मिला जो बहुत अच्छा लगा। इस भेंट-मुलाकात के दौरान जांजगीर-चांपा जिले से शशिभूषण सोनी , अरविन्द तिवारी , रेसलर प्रतीक तिवारी , अधिवक्ता संदीप मिश्रा और गो रक्षा सेवा संगठन के छत्तीसगढ़ प्रदेश सचिव योगेश तिवारी उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर



धीरज तिवारी

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय विज्ञान महाविद्यालय राजनंदगांव की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस सात दिवसीय विशेष शिविर के लिए सिंघोला गांव को चुना गया। आज के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व सांसद मधुसूदन यादव सम्मिलित हुए विशेष अतिथि के रूप मे मूलचंद भंसाली, रोहित चंद्राकर, मुकेश साहू सरपंच, व उपसरपंच साहू उपस्थित हुए , मुख्य अतिथि मधुसूदन यादव ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक कैसे राष्ट्र के प्रति अपनी भूमिका निर्वाह कर सकते हैं। उन्होंने स्वयंसेवकों से अपील की कि इस सात दिवसीय विशेष शिविर में उन्हें जो भी कार्य करने को कहा जाए वह उसे पूरे मन से करें और अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाए। इस सात दिवसीय विशेष शिविर में आपके व्यक्तित्व का विकास होगा और आप अच्छे समाजसेवी के रूप में बनकर उभरेंगे। उनके व्याख्यान के बाद महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष रवि सिन्हा ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को इस सात दिवसीय विशेष शिविर में पंजीकरण करने के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि इस सात दिवसीय विशेष शिविर में बहुत मेहनत के बाद स्वयंसेवक शामिल होते हैं। कार्यक्रम का मंच संचालन कार्यक्रम समन्यवक डॉ एस आर कन्नौजे ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सुमन बघेलऔर वरिष्ठ शिक्षक के रूप में डॉक्टर आशानंद माखीजा,श्रीमती निर्मला उमरे समेत महाविद्यालय के सभी प्रोफेसर समेत कर्मचारी सम्मिलित थे। धन्यवाद ज्ञापन के लिए ग्राम के सरपंच मुकेश साहु ने सभी अतिथियों को धन्यवाद दिया और राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं दी और कहा कि आपको सभी के साथ तालमेल बैठाकर काम करना है।

## डोंगरगढ़ स्टेशन को रायपुर डिवीजन में शामिल करने की माँग!

**यात्री रिटर्निंग हाल नहीं होने से दर्शनार्थीयों को होती है परेशानी!**

**जबलपुर से गोंदिया तक आने वाली ट्रेन का डोंगरगढ़ तक विस्तार की माँग!**

**सीनियर सिटीजन लाभ योजना पुन: माता हीराबेंन के नाम से शुरू किया जाए!**

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** रेलवे की प्रमुख माँगो को लेकर डीआरयुसी के मेंबर तरुण हत्थेल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गृहमंत्री अमित शाह अश्विनी वैष्णव केंद्रीय रेलमंत्री,विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री, सांसद संतोष पांडे मेनेजर रेल प्रशासन बिलासपुर, डी0 आर0 एम0 द0पू0 म0 रेल्वे नागपुर के नाम मुख्य स्टेशन प्रबंधक गुरुचरण शेट्टी को ज्ञापन सौंपा है! श्री हत्थेल ने बताया कि धर्मनगरी डोंगरगढ़ में साल के चैत्र व क्वाँर नवरात्र पर्व के दौरान लाखों दर्शनार्थी माता के चरणों का आशीर्वाद प्राप्त करने आते है और वहीं चंद्रगिरी पहाड़ी में आचार्य विधासागर जी का समाधि स्थल होने से देश विदेश से अनुयायी डोंगरगढ़ पहुँचते है जिनकी सुविधा का ख्याल रखते हुए स्टेशन परिसर में रिटर्निंग हाल होना आवश्यक है वहीं जबलपुर से गोंदिया तक आने वाली ट्रेन को डोंगरगढ़ तक विस्तार कर ट्रेन का नामकरण आचार्य विघासागर के नाम पर किया जाना चाहिए! वहीं वरिष्ठ नागरिको को रेल्वे में मिलने वाली छुट हो गई योजना को विचार कर पुन: प्रारंभ कर योजना का नाम माता हीराबेन किया जाए और डोंगरगढ़ स्टेशन को नागपुर डिवीजन से रायपुर डिवीजन में शामिल किया जाए!

## शासकीय महाविद्यालयों में जन भागीदारी समिति के उपाध्यक्ष नियुक्त

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने जनभागीदारी समिति नियमावली सूची अनुसार जिले के शासकीय महाविद्यालयों में जन भागीदारी समिति में जिले में पदस्थ अधिकारियों को उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजनांदगांव श्री अतुल विश्वकर्मा, शासकीय कमला देवी राठी महिला महाविद्यालय राजनांदगांव में संयुक्त क्शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शासकीय कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय में तहसीलदार लालबहादुर नगर, शासकीय महाविद्यालय रामाटोला डोंगरगढ़ में तहसीलदार लालबहादुर नगर शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय छुरिया में तहसीलदार छुरिया को जन भागीदारी समिति का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

## निधन



उर्मिला बाई सिन्हा

**राजनंदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम मकरनपुर निवासी उर्मिला बाई सिन्हा उम्र 85 वर्ष का 16 अक्टूबर दिन बुधवार को निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार ग्राम मकरनपुर स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अपने पीछे तीन पुत्र व दो पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़कर स्वर्ग सिधार गए।

# कलेक्टर ने उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के सफल संचालन एवं क्रियान्वयन के लिए विभागीय समन्वय हेतु अधिकारियों की बैठक ली

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के सफल संचालन एवं क्रियान्वयन के लिए विभागीय समन्वय हेतु बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने विभागीय समन्वय से उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम संचालित करने एवं विभागों के सहयोग से असाक्षरों को साक्षर कहा। उन्होंने कहा कि साक्षरता के इस पुनीत कार्य में सभी विभाग अपनी सहभागिता अवश्य दें और जिले को पूर्ण साक्षर करने हेतु अपना सहयोग प्रदान करें। कार्यक्रम के संबंध में जिला परियोजना अधिकारी श्रीमती रश्मि सिंह द्वारा उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई तथा विभिन्न विभागों द्वारा सहयोग प्रदान करेंगे के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, संयुक्त कलेक्टर श्री खेमलाल वर्मा, एसडीएम राजनांदगांव श्री अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम डोंगरगढ़ श्री मनोज मरकाम, एसडीएम डोंगरगांव श्री श्रीकांत कोर्राम सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।



उल्लेखनीय है कि उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 15 वर्ष या उससे अधिक आयु वाले उन सभी के लिए पढने-लिखने के अवसर उपलब्ध कराना है, जो किन्हीं कारण से साक्षरता और संख्या ज्ञान अर्जित नहीं कर पाए। इस संदर्भ में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की अनुशंसाओं की क्रियान्वयन के लिए 1 अप्रैल 2022 से भारत सरकार द्वारा उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम जिसका लोकप्रिय नाम उल्लास है प्रारंभ किया गया है। जिसमें प्रौढ़ शिक्षा के सभी पक्ष शामिल हैं। इस योजना का उद्देश्य बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान, महत्वपूर्ण जीवन कौशल, व्यावसायिक कौशल, बुनियादी शिक्षा और सतत शिक्षा का विकास है। उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत 15 वर्ष से अधिक आयु के असाक्षरों को बुनियादी साक्षरता प्रदान किया जाना है। यह कार्यक्रम जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के माध्यम से जिले में क्रियान्वित किया जा रहा है। जिले में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत उल्लास साक्षरता केन्द्रों में साक्षरता कक्षाओं का संचालन स्वयसेवी शिक्षकों द्वारा नवाचारी गतिविधियों का प्रयोग करते हुए किया जा रहा है। जिसमें पठन-पाठन के साथ ही डिजिटल साक्षरता आपदा प्रबंधन, कौशल विकास वित्तीय साक्षरता, विधिक साक्षरता, चुनावी साक्षरता आदि विषयों की जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण प्राप्त कुशल प्रशिक्षकों द्वारा विकासखंड स्तर पर प्रशिक्षण दिया गया। विकासखंड स्तर पर प्रशिक्षण प्राप्त संकुल समन्वयक द्वारा संकुल स्तर पर प्रधान पाठक एवं ग्राम प्रभारी को प्रशिक्षण दिया गया। ग्राम प्रभारी द्वारा स्वयंसेवी शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। स्वयंसेवी शिक्षकों के प्रशिक्षण में ग्राम व वार्ड के सभी स्वयंसेवी शिक्षकों को सम्मिलित किया गया है। जिले में 40 हजार असाक्षरों का लक्ष्य दिया गया था, जिसके विरूद्ध कुल 42492 असाक्षरों का चिन्हांकन कर पंजीयन किया गया है। इन्हें पठन-पाठन कराने हेतु 4415 स्वयंसेवी शिक्षकों का चिन्हांकन कर प्रशिक्षण दिया गया है। कक्षाएं प्रारंभ की गई हैं। उल्लास साक्षरता केंद्र में कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है, जो की ग्राम के प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शालाओं में स्थित है। इस कार्यक्रम की सतत मॉनिटरिंग जिला स्तर, विकासखंड स्तर, संकुल स्तर पर की जा रही है। उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत विकासखंड राजनांदगांव, डोंगरगढ़, छुरिया, डोंगरगांव के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में असाक्षरों का चिन्हांकन एवं उन्हें पढ़ाने वाले स्वयंसेवी शिक्षकों का चिन्हांकन विकासखंड के सभी ग्राम एवं नगरीय क्षेत्र के वार्डों में सर्वे कर किया गया है। असाक्षरों के चिन्हांकन के दौरान प्रति केन्द्र पढ़ाने वाले स्वयंसेवी शिक्षकों का चिन्हांकन किया गया है।

## धर्म समाचार....

# तुला संक्रांति 17 अक्टूबर को : सूर्य करेगा कन्या से तुला राशि में प्रवेश

### संक्रांति पर नदी स्नान और दान-पुण्य करने की है परंपरा

गुरुवार, 17 अक्टूबर को तुला संकांति है यानी इस दिन सूर्य कन्या से तुला राशि में प्रवेश करेगा। ज्योतिष में सूर्य के राशि परिवर्तन को संक्रमण और संक्रांति कहते हैं। ये ग्रह 17 अक्टूबर से 16 नवंबर तक तुला राशि में रहेगा। उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. मनीष शर्मा के मुताबिक, संक्रांति को भी एक पर्व माना जाता है। इस दिन गंगा, यमुना, नर्मदा, शिप्रा जैसी पवित्र नदियों में स्नान करने और नदी किनारे दान-पुण्य करने की परंपरा है। संक्रांति की सुबह जल्दी उठना चाहिए और स्नान के बाद उगते सूर्य को जल अर्पित करना चाहिए। सूर्य को अर्घ्य देने के लिए तांबे के लोटे का इस्तेमाल करें। लोटे में जल भरें और उसमें लाल फूल, चावल, कुमकुम डालें, इसके बाद ऊँ सूर्याय नम: मंत्र का जप करते हुए सूर्य को अर्घ्य अर्पित करें।



**तुला संक्रांति पर कर सकते हैं ये शुभ काम**- संक्रांति पर नदी में स्नान करना संभव न हो तो घर पर पानी में थोड़ा सा गंगाजल मिलाकर स्नान कर सकते हैं। स्नान करते समय गंगा-यमुना जैसी पवित्र नदियों का ध्यान करें और इस मंत्र का जप करें- गंगे च यमुने चैव गोदावरी सरस्वति। नर्मदे सिन्धु कावेरी जलऽस्मिन्सन्निधिं कुरु।। शास्त्रों में पंचदेव बताए गए हैं, जिनकी पूजा हर शुभ काम की शुरुआत में की जाती है। पंचदेवों में भगवान गणेश, शिव, विष्णु, देवी दुर्गा और सूर्य शामिल हैं। तुला संक्रांति पर इन सभी देवी-देवताओं की पूजा जरूर करें। गणेश जी को दूर्वा चढ़ाएं। शिव जी को बिल्व पत्र, आंकड़े के फूल, धतूरा और चंदन चढ़ाएं। विष्णु जी को तुलसी के मिठाई का भोग लगाएं। देवी दुर्गा को लाल चुनरी अर्पित करें। सूर्य देव के लिए गुड़ का दान करें। सूर्य को जल चढ़ाने से धर्म लाभ के साथ ही स्वास्थ्य लाभ भी मिलते हैं। सुबह-सुबह की सूर्य की किरणों से त्वचा की चमक बढ़ती है, आलस दूर होता है, आंखों की रोशनी बढ़ती है। भविष्य पुराण के ब्राह्म पर्व में श्रीकृष्ण में अपने पुत्र सांब को सूर्य पूजा करने की सलाह दी है। श्रीकृष्ण कहते हैं कि सूर्य एकमात्र प्रत्यक्ष दिखाई देने वाले देवता हैं। जो भक्त श्रद्धा और भक्ति के साथ सूर्य की पूजा करता है, उसे सेहत के साथ ही सौभाग्य भी मिलता है।

तुला संक्रांति पर सूर्य से संबंधित चीजें जैसे तांबे का बर्तन, पीले या लाल कपड़े, गेहूं, गुड़, माणिक्य, लाल चंदन आदि का दान किया जा सकता है।

## धर्मसभा में फैसला- 31 अक्टूबर को मनाई जाएगी दीपावली : विद्वान बोले- नासा की गणनाओं को फॉलो करने वाले पंचांगों ने भ्रमित किया

दीपावली मनाने की तारीख को लेकर चल रहे असमंजस को दूर करने जयपुर में जुटे देशभर के विद्वानों ने सहमति से फैसला लिया है कि दीपावली 31 अक्टूबर को मनाई जाएगी। मंगलवार को जयपुर के केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के सभागार में 'दीपावली निर्णय' विषय पर विशेष धर्मसभा आयोजित की गई। धर्मसभा के अनुसार, 31 अक्टूबर को पूरे प्रदोष काल (सूर्यास्त के बाद 2 घंटे 24 मिनट का समय) में अमावस्या रहेगी। इसके साथ ही अमावस्या का दर्श भाग भी इसी दिन प्राप्त हो रहा है, इसलिए 31 अक्टूबर को पूरे देश में दिवाली मनाना शास्त्र सम्मत है। कुछ देशों में अलग व्यवस्था हो सकती है। जापान, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, मलेशिया, सिंगापुर में 1 नवंबर को प्रदोष काल में अमावस्या आएगी। भारत और जितने भी पश्चिमी देश हैं, उनमें 31 अक्टूबर को ही दीपावली होगी।धर्मसभा के अध्यक्ष महाराज आचार्य संस्कृत कॉलेज, जयपुर के पूर्व ज्योतिष विभागाध्यक्ष प्रो. रामपाल शास्त्री ने कहा- दिवाली मनाने को लेकर जिन लोगों के भी विवाद थे। वे अब पूर्ण रूप से इस बात को लेकर सहमत हो गए हैं कि दीपावली 31 अक्टूबर को मनाई जाएगी। धर्मसभा में देश के करीब 100 प्रख्यात ज्योतिषाचार्य, धर्मशास्त्री और संस्कृत विद्वान शामिल हुए।**सूर्य सिद्धांत से कभी भ्रम पैदा नहीं हुआ**- सोमनाथ संस्कृत यूनिवर्सिटी, गुजरात के पूर्व कुलपति प्रो. अर्कनाथ चौधरी ने कहा- हमारे देश में त्योहार की तिथि का निर्धारण धर्मशास्त्री सूर्य सिद्धांत के आधार पर करते हैं। उसके अनुसार कभी कोई भ्रम पैदा नहीं हुआ। इस बार भी दीपावली को लेकर कोई भ्रम नहीं था। इस पर विवाद दृक गणित (खगोलीय गणना करने की एक पारंपरिक पद्धति) से तैयार किए गए पंचांगों ने किया है। जो पंचांग नासा की गणनाओं को फॉलो करते हैं, उन्होंने भ्रमित किया है।



nandgaon times oct-17-4.qxd 10/17/2024 12:01 AM Page 4



- क्रिकेट किट
- फुटबाॅल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोट्र्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बेग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...







स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष ने विराट कवि सम्मेलन में शिरकत की

## प्रख्यात कवि डॉ. कुमार विश्वास, हास्य कवि पद्मश्री सुरेन्द्र दुबे, गीत एवं गजल गायिका डॉ. सुमन दुबे, वीर रस की कवयित्री कविता तिवारी, हास्य कवि श्री दिनेश बावरा ने अपनी कविताओं से समां बांधा





**राजनांदगांव (नादगांव टाइम्स)।** विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव विधायक डॉ रमन सिंह के जन्मदिन पर युवा वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित कवि सम्मेलन का कार्यक्रम ऐतिहासिक रहा। सीएम विष्णुदेव साय सहित छत्तीसगढ़ सरकार का लगभग मंत्रिमंडल एवं दर्जनभर विधायको की उपस्थिती में देश के जाने-माने कवि कुमार विश्वास, डॉ सुरेंद्र दुबे सहित अन्य कवियो ने जनता का मन मोह लिया। इस कवि सम्मेलन में जिलेभर के करीबन 50 हजार श्रोता पहुंचे थे। खास बात यह रही कि इस कवि सम्मेलन में मंच संचालन का काम स्थानीय सांसद संतोष पांडे ने की।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह सहित सभी जनप्रतिनिधियों ने देर रात्रि तक कवि सम्मेलन में कविता पाठ का आनंद लिया। मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष ने सभी कवियों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी और उनके स्वस्थ, सुदीर्घ, खुशहाल एवं मंगलमय जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि आज 15 अक्टूबर का दिन हम सभी के लिए गौरव का क्षण है। डॉ. रमन सिंह छत्तीसगढ़ के विकास पुरूष हैं, उन्होंने 15 वर्षों तक छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के रूप में छत्तीसगढ़ की सेवा की है। कवि सम्मेलन में प्रख्यात कवि डॉ. कुमार विश्वास, हास्य कवि पद्मश्री सुरेन्द्र दुबे, गीत एवं गजल गायिका डॉ. सुमन दुबे, वीर रस की कवयित्री कविता तिवारी, हास्य कवि श्री दिनेश बावरा ने अपनी कविताओं से समां बांध दिया। कविता, गीत, गजल एवं हास्य कविताओं के इस खुशनुमा लम्हों के राजनांदगांव नगरवासी साक्षी बने।

**स्वागत से अभिभूत हुं : डॉ रमन**

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आज सुबह से रात तक रायपुर से राजनांदगांव तक सभी ने जन्मदिन पर जो स्वागत किया उसके लिए अभिभूत हूं। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव जिले ने उन्हें एक नई पहचान दी है और परिवर्तन की यात्रा राजनांदगांव की धरती से प्रारंभ हुई, जिसके लिए उन्होंने सभी का आधार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव की धरती में जो कोई आता है, उसका विकास होता है। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव मेरा अभिमान और मेरा स्वाभिमान है।

**पहले दुबे, फिर कुमार ने बांधा समा**

कवि सम्मेलन की शुरुआत दिनेश बावरा ने की, उनके बाद डॉ सुमन दुबे फिर पद्मश्री डॉ सुरेंद्र दुबे ने लोगों को

ठहाके लगवाए। जिसके बाद कवयित्री कविता तिवारी ने प्रस्तुति दी, अंत में प्रख्यात कवि डॉ. कुमार विश्वास ने एक से बढ़कर एक कविताएं सुनाई, जिसे सुनकर श्रोता अभिभूत हुए।

**कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद : बैद**

युवा वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष भावेश बैद ने लोगों का कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि उम्मीद से अधिक लोगों ने अपनी उपस्थिती दर्ज करा के न केवल डॉ रमन सिंह जी के जन्मदिन को खास बना दिया बल्कि आने वाले समय में इससे भी बेहतर आयोजन कराने की उर्जा उन्हे दी है। उन्होंने बताया कि मैदान में करीबन 50 हजार लोगों की उपस्थिती की व्यवस्था की गई थी।



**शामिल रहा पूरा मंत्रिमंडल**

इस अवसर पर डिप्टी सीएम विजय शर्मा, केबिनेट मंत्री रामविचार नेताम, केबिनेट मंत्री केदार कश्यप, केबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा, केबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, केबिनेट मंत्री दयालदास बघेल, केबिनेट मंत्री लखन देवांगन, केबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, विधायकों में श्रीमती रेणुका सिंह, गुरू खुशवंत साहेब, सांसद संतोष पाण्डेय, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, पूर्व सांसद सुश्री सरोज पाण्डेय, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक, प्रेमप्रकाश पाण्डेय,पूर्व मंत्री राजेश मूणत, लता उसेंडी एवं महेश गागड़ा उपस्थित थे।

## मामूली विवाद पर लड़की से मारपीट!

**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** नगर के कंडरापारा में मामूली विवाद पर पड़ोसी आपस में भिड़ पड़े! बताया जाता है कि पेयजल हेतु लगाए नलकूप में गंदा मलबा जाने के कारण विवाद उतपन्न हुआ! पुलिस से मिले समाचार में बताया गया कि प्रार्थी प्रिया चक्रवर्ती ने थाना पहुँच रिपोर्ट दर्ज कराई है कि हमारे घर के बोर में पड़ोसी के द्वारा कार्य के दौरान गंदा मलबा जाने की बात कहने पर पड़ोसी पन्ना मौर्य ने गंदी गंदी गाली देकर लड़ाई झगड़ा कर मारपीट किया गया है जिससे हाथ में चोट आई है! जिस पर पुलिस ने पन्ना मौर्य निवासी कंडरापारा डोंगरगढ़ के विरुध्द धारा 115(2) क्रहस्, 296-क्रहस्, 333-क्रहस्, 351(2) क्रहस् के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले की विवेचना शुरू कर दी गई है!

## जिला समन्वयक जयप्रकाश सिन्हा द्वारा छात्रों को सर्वांगीण विकास के लिए मार्गदर्शन किया

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शासकीय हाई स्कूल चारभाठा, विकासखंड छुरिया में अखिल विश्व गायत्री परिवार के जिला समन्वयक जयप्रकाश सिन्हा द्वारा छात्रों को सर्वांगीण विकास के लिए मार्गदर्शन किया। माइंड , मनी, एवं मोबाइल के सदुपयोग पर प्रकाश डाला गया ।जीवन में कभी भी नशा नहीं करने तथा बुरी संगति से बचने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थी जीवन के महत्व को बताते हुए विद्यार्थियों के पांच लक्षणों को सरल शब्दों में समझाया । प्रतिदिन योग ,ध्यान एवं प्राणायाम करने के लिए प्रेरित किया जीवन में क्या करना है इसके लिए लक्ष्य निर्धारित करने के लिए कहा। गायत्री परिवार के दिया संगठन से जुड़ने के लिए भी आह्वान किया।इस अवसर पर प्राचार्या एम. गोस्वामी ,व्याख्याता एम. के. चंद्राकर,एस. पी. भुआर्य,प्रीतम दुबे , आर.ए.नायक एवम इंदु कोलियारे उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री ने विधानसभा अध्यक्ष को उनके जन्मदिन पर दी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज स्पीकर हाऊस राजनांदगांव पहुंचकर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनके जन्मदिन पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विधानसभा अध्यक्ष के स्वस्थ, सुदीर्घ, खुशहाल एवं मंगलमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग मंत्री श्री विजय शर्मा, आदिम जाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग मंत्री श्री रामविचार नेताम, वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास, सहकारिता एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री केदार कश्यप, खेलकूद एवं युवा कल्याण राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्री श्री टंकराम वर्मा, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, बीस सूत्रीय कार्यन्वयन मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री दयालदास बघेल, वाणिज्य-उद्योग एवं श्रम मंत्री श्री लखन देवांगन, महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण विभाग मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, विधायक भरतपुर-सोनहत श्रीमती रेणुका सिंह आरंग विधायक गुरू खुशवंत साहेब, सांसद श्री संतोष पाण्डेय, पूर्व सांसद श्री अभिषेक सिंह, पूर्व सांसद श्री मधुसूदन यादव, पूर्व सांसद सुश्री सरोज पाण्डेय, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्री धरमलाल कौशिक, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि श्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय, महेश गागड़ा संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर, आईजी श्री दीपक झा, कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।



# लगातार बढ़ते जल संकट को देखते हुए किसान धान के बदले कम पानी उपयोग वाली फसल लें - कलेक्टर

## सभी बैराज, एनीकट, जलाशयों एवं अन्य अधोसंरचना का सर्वे कराकर मरम्मत योग्य कार्यों को शीघ्र मरम्मत करने के दिए निर्देश

### कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक संपन्न

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर खुज्जी विधायक श्री भोलाराम साहू, डोंगरगढ़ विधायक श्रीमती हर्षिता बघेल, जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह उपस्थित थी। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि जल संकट की स्थिति को देखते हुए आने वाली पीढ़ी के लिए पानी को बचाना आवश्यक है। बैठक में लगातार बढ़ते हुए जल संकट को देखते हुए रबी मौसम में कम पानी उपयोग वाली फसल लेने का निर्णय लिया गया। जिससे पेयजल संकट और आने वाली पीढ़ी के लिए पानी बचाया जा सके। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि फसल चक्र परिवर्तन अपनाते हुए किसानों को धान के बदले कम पानी उपयोग वाली फसलों की खेती करनी चाहिए। इससे किसानों की भूमि की उर्वरता क्षमता के साथ आय में वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि पिछले रबी मौसम में धान की फसल के लिए 42 हजार सिंचाई पंप के उपयोग से सबसे ज्यादा पानी का दोहन हुआ है। जिसके कारण भू-जल स्तर नीचे चला गया था और पेयजल संकट की स्थिति बन गई थी। उन्होंने किसानों से रबी में धान के स्थान पर कम पानी उपयोग वाली अन्य फसल लेने कहा। इसके लिए किसानों को प्रेरित करने कहा और गांव-गांव में मुनादी कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने कहा कि किसानों को समूह में खेती करने के लिए प्रोत्साहित करें। जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी। उन्होंने अधिकारियों को सभी बैराज, एनीकट, जलाशयों एवं अन्य अधोसंरचना का सर्वे कराकर मरम्मत योग्य कार्यों को शीघ्र मरम्मत कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जिस कार्य के लिए राशि आबंटित है, उस कार्य को कराने के बाद समय पर मजदूरी भुगतान अवश्य करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि सभी गांवों में कृषि सखी है। उन्होंने कृषि सखी के माध्यम से किसानों को धान फसल के स्थान पर कम पानी उपयोग वाली अन्य फसल लेने के लिए प्रोत्साहित करने एवं जागरूकता लाने कहा। सांसद प्रतिनिधि श्री बिसेशर साहू ने भी सलाह दी। उन्होंने कहा कि रबी मौसम में धान की फसल लगाने में अधिक लागत लगती है और मुनाफा कम होता है। उन्होंने कहा कि जो किसान रबी में धान की खेती करता है, उससे उसका फायदा नहीं होगा। उन्होंने समृद्ध किसान बनने के लिए फसल चक्र परिवर्तन को अपनाने के साथ कम पानी उपयोग वाली फसल की खेती करने कहा। जिससे किसान के आय में वृद्धि होगी और समृद्ध बन सकेगा। कार्यपालन अभियंता जल संसाधन श्री जीडी रामटेके ने बताया कि जिले में 5 मध्यम सिंचाई जलाशय, 123 लघु जलाशय और 47 एनीकट है। सभी में निस्तारी और सिंचाई के लिए जल भराव की उपलब्धता के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर उप संचालक कृषि श्री नागेश्वर लाल पाण्डेय एवं जल संसाधन विभाग के सभी एसडीओ उपस्थित थे।



# संस्कारधानी में अन्नकूट 02 नवंबर को होगा

**प्रमुख 08 मंदिरों के आचार्यों एवम समिति की बैठक में लिया गया निर्णय**

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** इस वर्ष दीपावली त्यौहार मनाने को लेकर संशय की स्तिथि है , अनेक विद्वान आचार्य विभिन्न पंचांग के अनुसार 31 अक्तूबर तो अनेक विद्वान आचार्य 01 नवम्बर को दीपावली का त्यौहार मनाने का तर्क दे रहे है । नगर के अनेक मंदिरों में दीपावली के दूसरे दिन अन्नकूट प्रसादी का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है । दीपावली की तिथि के संशय को देखते हुए अन्नकूट महोत्सव करने पर भी दुविधा की स्थिति उत्पन्न हो गई थी । जिसका समाधान निकालने हेतु श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के अध्यक्ष अशोक लोहिया के आग्रह पर संस्कारधानी नगरी के प्रमुख मंदिरों के आचार्यों एवम समिति सदस्यो की एक बैठक कल श्री सत्यनारायण धर्मशाला में आयोजित की गई । बैठक में श्री सत्यनारायण मंदिर के आचार्य पंडित कालूराम शास्त्री , समिति के अशोक लोहिया , सुरेश अग्रवाल , हरीश अग्रवाल , श्याम खंडेलवाल , लक्ष्मण लोहिया , श्री बालाजी मंदिर पुराना गंज मंडी के संतोष हुंका , बिसन अग्रवाल , नंदू भूतड़ा , पंडित गया प्रसाद जी मिश्र , जलाराम राम मंदिर के पंडित मनोज शांतिलाल शुक्ला , मोतीनाथ मंदिर के अरुण खंडेलवाल , लक्ष्मीनारायण मंदिर के आशीष गांधी , श्री गणेश मंदिर मिथिलाधाम के अशोक चौधरी , महाकाल मंदिर सिंघोला के पवन डागा , श्री रामदेव बाबा मंदिर के आचार्य शरद तंवर , श्री महालक्ष्मी मंदिर के मनीष शर्मा , उमेश चंद शर्मा एवं चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष शरद अग्रवाल उपस्थित हुए । सभी ने गहन विचार विमर्श के पश्चात सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि दीपावली का त्यौहार चाहे 31अक्तूबर को मनाया जाए , चाहे 01 नवम्बर को । अन्नकूट महोत्सव पूरे शहर में एक ही दिन 02 नवंबर को ही मनाया जाएगा । उपस्थित सभी प्रतिनिधियों ने इस बैठक के आयोजन के लिए श्री सत्यनारायण मंदिर समिति की प्रशंसा की एवं आगे भी ऐसी स्थिति उत्पन्न होने पर सर्वानुमति से एक तिथि तय करने बैठक आयोजित करने का सुझाव दिया । आभार संतोष हुंका ने व्यक्त किया ।

## एस डी एम डोंगरगांव द्वारा मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक आहूत

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नगरीय निकाय निर्वाचन की सबसे पहले कड़ी मतदाता सूची का तैयार किया जाना होता है। इसी संदर्भ में एस डी एम डोंगरगांव द्वारा मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक आहूत की गई। इस बैठक में मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन की जानकारी देते हुए वार्डवार मतदाता सूची उन्हें उपलब्ध करायी गई। डोंगरगांव नगरीय क्षेत्र के लिए स्थापित मतदान केन्द्र में 16 अक्टूबर से 22 अक्टूबर तक शासकीय कार्य दिवसों में प्रात: 10 बजे से शाम 5 बजे तक तथा 23 अक्टूबर को 10 बजे से 3 बजे तक मतदाता सूची का अवलोकन करते हुए दावा - आपत्ति नियुक्त प्राधिकृत अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया जा सकता है।



# कलेक्टर की अध्यक्षता में रेडक्रास की साधारण सभा का हुआ आयोजन

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा राजनांदगांव श्री संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में रेडक्रास की साधारण सभा का आयोजन किया गया। कलेक्टर ने बताया कि रेडक्रास की नियमावली के अनुसार प्रबंध समिति बैठक की प्रक्रिया में अध्यक्ष एवं सचिव का पद स्थायी रहता है। प्रबंध समिति के गठन के बाद चेयरमेन का चयन समिति सदस्य द्वारा करने के बाद उपाध्यक्ष, सहसचिव का चयन किया जाएगा। बैठक में श्री दामोदर दास मूंदड़ा को जिला प्रबंध समिति के चेयरमैन निर्विरोध निर्वाचित किया गया। इस तरह श्री अशोक चौधरी व श्री हलीम बक्श गाज़ी को उपाध्यक्ष एवं श्री सुशील जैन को को सह सचिव निर्विरोध निर्वाचित हुए। निर्वाचित पदाधिकारियों को कलेक्टर एवं बैठक में उपस्थित सभी ने बधाई दी। प्रबंध समिति में राज्य प्रबंध समिति के लिए पद्मश्री पुखराज बाफना ने नाम प्रस्तावित किया। प्रबंध समिति गठन पश्चात सचिव सह सीएमएचओ डॉ. नेतराम नवरतन ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए प्रतिवेदन पढ़ा। उन्होंने बताया कि रेडक्रास में चार संरक्षक सदस्य, 1650 आजीवन सदस्य है। साथ ही रेडक्रास की गतिविधियों के तहत पोषण किट, निक्षय मित्र किट, मरीज कोआर्थिक सहायता, नवरात्रि व्यवस्था एवं वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम, जन औषधि केन्द्र संचालन की जानकारी दी। आय व व्यय समिति के समक्ष रखा, जिसे अनुमोदित किया गया। बैठक में रेडक्रास सोसायटी द्वारा मेडिकल कॉलेज परिसर में रैन बसेरे संचालन हेतु नगर निगम द्वारा 25000 रूपए व्यय दिया जायेगा। जिसे संचालित करने की स्वीकृति, डोंगरगांव में वृद्धाश्रम को डोंगरगांव में समिति गठन कर संचालित करने की स्वीकृति दी गई। रक्तदान महादान के तहत जिला अस्पताल में रक्तदाता को रेडक्रास द्वारा प्रमाण पत्र एवं रिफ्रेसमेंट दिया जाने का अनुमोदित किया गया। बैठक में बताया गया कि जिले में वृहद स्तर पर प्राथमिक चिकित्सा उपचार कार्यक्रम चलाकर गांव-गांव में वेलिंटियर तैयार कर प्रशिक्षित किया जाएगा। जिसके लिए जिले से दो डॉक्टर राज्य शाखा से प्रशिक्षित होकर आए है, जिनके माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही जूनियर रेडक्रास, यूथ रेडक्रास के विद्यार्थियों को भी प्रशिक्षित किया जाएगा। जिसके लिए शिक्षा विभाग व शासकीय दिग्विजय कॉलेज नोडल कॉलेज को आवश्यक कार्रवाई करने कहा गया। रेडक्रास की आय की चर्चा करते हुए जेठी बाई धर्मशाला की दुकानों से किराया प्राप्त हो रहा है। जिसमे से कुछ दुकानों का बचा किराया जमा कराने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही रेडक्रास का सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। बैठक में जिला प्रबंधक रेडक्रास सोसायटी श्री प्रदीप शर्मा, सिविल सर्जन डॉ. चंद्रवंशी, मेडिकल कॉलेज से श्री अविन चौधरी, शासकीय दिग्विजय कॉलेज से सुश्री प्रियंका सिंह व सुश्री वंदना मिश्रा, रेडक्रास सोसायटी सदस्यो में श्री हेमंत तिवारी, श्री सुशील जैन, श्री रईस अहमद शकील, श्री अशोक मोदी, श्री उत्तम जैन, श्री सुशील पसारी, श्री राजेश जैन, श्री अलीम शिद्दकी, श्री पुरूषोत्तम तिवारी, श्री अशोक पांडे, श्री विनेश चोपड़ा, श्री प्रदीप शर्मा, जिला संगठक सह प्रबंधक रेडक्रास सोसायटी फरमासिस खुमेश साहू सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।





प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com